भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2791

24 मार्च, 2023 के लिए प्रश्न

धान की खरीद

2791. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022-23 के लिए तमिलनाडु राज्य के लिए धान की खरीद हेतु आबंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए तमिलनाडु राज्य से जिला-वार कुल कितनी मात्रा में धान की खरीद की गई है;

(ग) क्या सरकार की ई-डीपीसी के माध्यम से धान खरीद केन्द्रों को सुव्यवस्थित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड) वर्ष 2022-23 के दौरान तमिलनाडु राज्य हेतु जिला-वार धान की बर्बादी और चोरी के कारण हानि हुई धान की मात्रा कितनी है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): राज्यवार और जिलेवार धान की खरीद और वितरण के लिए कोई अलग से निधियों का आवंटन नहीं किया जाता है। तथापि, वर्ष 2022-23 के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत कवर किए गए केन्द्रीय स्कीम के लिए खाद्यान्नों के वितरण हेतु तमिलनाडु राज्य सरकार को दिनांक 21.03.2023 की स्थिति के अनुसार 7063.69 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

(ख): जैसाकि तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, केएमएस 2022-23 के दौरान दिनांक 14.03.2023 तक 2658235 टन धान की खरीद की जा चुकी है। केएमएस 2022-23 के लिए धान की खरीद का विवरण **अनुबंध**-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): जैसाकि तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, किसानों के आधार नंबर की मदद से विभिन्न विभागों के डाटा के एकीकरण के साथ पूरे राज्य में एक केंद्रीकृत किसान डेटा बेस (जीआरएआईएनएस) बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, भूमि स्थानों की पहचान करने के लिए राज्य के ऑनलाइन मॉड्यूल ग्रेन्स में जियो टैगिंग की योजना बनाई जा रही है। आगामी केएमएस में धान की खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए, किसान का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया जा रहा है और राज्य द्वारा आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) शुरू करने की भी योजना बनाई जा रही है।

(ङ.): जैसाकि तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, धान की बर्बादी और चोरी के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ।

*****

अनुबंध-I

राज्य सभा में दिनांक 24.03.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या-2791 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

	धान की खरीद	
	केएमएस 2022-23	
		मात्रा टन में
क्र. सं.	क्षेत्र का नाम	दिनांक 14.03.2023 तक धान की खरीद
1	अरियालुर	30698
2	चेन्नई उत्तर	0
3	चेन्नई दक्षिण	0
4	कोयंबटूर	2326
5	कुड्डालोर	131002
6	धर्मपुरी	0
7	डिंडीगुल	5664
8	इरोड	67360
9	कल्लाकुरिची	10540
10	कांचीपुरम	29001
11	चेंगलपेट	43506
12	कन्याकूमारी	4195
13	करूर	8807
14	कृष्णागिरी	0
15	मदुरै	61099
16	नागपट्टिनम	242706
17	माइलादुथुरी	263379
18	नामक्कल	750
19	नीलगिरी	0
20	पेरम्बलुर	4082
21	पुदुक्कोट्टई	95590
22	रामनाथपुरम	7956
23	रानीपेट	21998
24	सालेम	2303
25	शिवगंगई	44350
26	तेनकासी	14507
27	तंजावुर	666423
28	थेनी	4006
29	तिरुनेलवेली	15159
30	तिरुवल्लुर	60043
31	थिरुवन्नमलाई	19738
32	थिरुवरुर	696336
33	तिरुपथुर	0
34	तिरुपूर	4213
35	तिरुचिरापल्ली	52145
36	तूतीकोरिन	1317
37	वेल्लोर	16029
38	विलुप्पुरम	13387
39	विरुधुनगर	17620
	कुल	**2658235**